दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

स्वस्थ भारत यात्रा के तहत प्रभात फेरी सोनीपत में 24 जनवरी को

Jan 23, 2019

Sonipat News - राष्ट्र स्तरीय स्वस्थ भारत यात्रा पानीपत से होते हुए सोनीपत की सीमा में हलदाना बार्डर से 23 जनवरी को सांयकाल...

राष्ट्र स्तरीय स्वस्थ भारत यात्रा पानीपत से होते हुए सोनीपत की सीमा में हलदाना बार्डर से 23 जनवरी को सांयकाल प्रवेश करेगी। यह जानकारी देते हुए सीएमओ डाॅ. जेएस पुनिया ने बताया कि आगामी दिवस 24 जनवरी को सोनीपत शहर में एक प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इसके माध्यम से लोगों को भोजन के अधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा, इसका शुभारंभ सेक्टर-14 मार्केट से किया जाएगा। इसके उपरांत 25 जनवरी को साईक्लोथॉन साईकिल यात्रा का आयोजन किया जाएगा, इसमें एनसीसी कैडेट हिस्सा लेंगे। यह साइकिल यात्रा सोनीपत शहर से दिल्ली बार्डर (सिंघू बार्डर) तक आयोजित की जाएगी। साइकिल यात्रा के साथ ही स्वस्थ भारत यात्रा देश की राजधानी दिल्ली में प्रवेश करेगी। यात्रा का उद्देश्य लोगों को पौष्टिक खान-पान के प्रति जागरूक करना है। स्वस्थ भारत यात्रा के माध्यम से लोगों को अच्छा भोजन करने व सुरक्षित भोजन करने का संदेश दिया जाएगा। साथ ही लोगों को जागरूक किया जाएगा कि वे भोजन को व्यर्थ न करें।